अवसर

# विकास संवाद में सहभागिता का अवसर

## परियोजना समन्वयक हेतु आवेदन आमंत्रित

**स्थान: शाहबाद तहसील, जिला बारां, राजस्थान**

## विकास संवाद समिति (VSS) के बारे में:

विकास संवाद समिति एक गैर-सरकारी संस्था है, जो सामाजिक विकास, क्षमता निर्माण और प्रभावी संचार के क्षेत्र में कार्यरत है। संस्था बच्चों और महिलाओं के अधिकारों, खाद्य एवं पोषण सुरक्षा, और गरीबी उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर कार्य करती है।

विकास संवाद, विशेष रूप से वंचित समुदायों—जैसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिलाएं, किशोर-किशोरियाँ, युवा और छोटे किसानों—के साथ मिलकर उनके सशक्तिकरण और सामाजिक उन्नति के लिए प्रयासरत है।

संस्था अपने कार्यों में समता, समानता, न्याय, गरिमा और लोकतांत्रिक भागीदारी जैसे संवैधानिक मूल्यों को प्राथमिकता देती है। यह सामुदायिक कार्यक्रमों, शोध, दस्तावेज़ीकरण और प्रभावी संचार के माध्यम से, समुदाय-आधारित संस्थाओं, मीडिया, पंचायती राज संस्थाओं, शासकीय विभागों और सिविल सोसायटी नेटवर्क के साथ साझेदारी कर समावेशी एवं साक्ष्य-आधारित विकास को बढ़ावा देती है।

## पद का परिचय:

विकास संवाद, चाइल्ड राइट्स एंड यू (क्राई) के सहयोग से बारां जिले की शाहबाद तहसील के 20 गांवों में 'बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और जीवन कौशल विकास परियोजना' संचालित कर रही है। इस परियोजना के लिए जिला परियोजना समन्वयक की आवश्यकता है, जो क्षेत्रीय स्तर पर सभी गतिविधियों की योजना, क्रियान्वयन, समन्वय और निगरानी की ज़िम्मेदारी निभाएंगे।

## मुख्य जिम्मेदारियाँ:

- परियोजना का गुणवत्तापूर्ण संचालन सुनिश्चित करना और टीम के साथ समन्वय करते हुए कार्य योजनाएं बनाना व गतिविधियों को लागू करना।
- परियोजना की पहचान (विज़िबिलिटी) और स्थायित्व (सस्टेनेबिलिटी) को मजबूत करना। शासकीय विभागों व अन्य हितधारकों के साथ समन्वय और साझेदारी विकसित करना।
- परियोजना के प्रभाव, चुनौतियों और समुदाय में हो रहे बदलावों का दस्तावेजीकरण करना और उन्हें संबंधित पक्षों के साथ साझा करना।
- प्रशिक्षण मॉड्यूल व सामग्री विकसित करना, और फील्ड टीम व समुदाय समूहों के लिए क्षमता विकास सत्र आयोजित करना।
- स्थानीय (वर्नाक्युलर) मीडिया के साथ संवाद कर परियोजना से जुड़ी जानकारी साझा करना।
- बाल समूहों, किशोर-किशोरी समूहों, महिला समूहों और अन्य सामुदायिक मंचों की भागीदारी और क्षमता को बढ़ाना।

- परियोजना की आवधिक रिपोर्ट तैयार कर समय पर VSS कार्यालय, CRY और संबंधित शासकीय विभागों को भेजना।
- संस्था द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों का उत्तरदायित्वपूर्वक निर्वहन करना।

## योग्यता और अनुभव:

- शैक्षणिक योग्यता: सामाजिक कार्य, समाजशास्त्र, ग्रामीण विकास या संबंधित क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिग्री।
- अनुभव: बच्चों के अधिकारों और ग्रामीण विकास से जुड़े क्षेत्रों में 3–5 वर्षों का फील्ड आधारित अनुभव।

## आवश्यक कौशल:

- बाल अधिकारों (शिक्षा, सुरक्षा, जीवन कौशल) की स्पष्ट समझ।
- हिंदी व अंग्रेज़ी भाषा में प्रभावशाली लेखन एवं संवाद कौशल।
- कंप्यूटर व डिजिटल टूल्स का दक्षतापूर्वक उपयोग (MS Office, ईमेल, इंटरनेट)।
- फील्ड में लगातार यात्रा करने की तत्परता।
- वंचित समुदायों के साथ संवेदनशीलता व प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की क्षमता।
- रिपोर्ट लेखन, विश्लेषण व दस्तावेज़ीकरण में दक्षता।
- प्रभावी समन्वय व नेटवर्किंग कौशल।

## मानदेय:

- ₹30,000 से ₹33,000 प्रति माह (लागू करों व नियमानुसार कटौती सहित) ।
  मानदेय उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता, अनुभव व कौशल के आधार पर तय किया जाएगा।

## आवेदन की प्रक्रिया:

- **आवेदन की अंतिम तिथि:** 11 जुलाई 2025
  इच्छुक उम्मीदवार अपना अद्यतन बायोडाटा (CV) एवं कवर लेटर निम्न ईमेल पर भेजें:
  **office@vssmp.org**
- ईमेल का विषय (सब्जेक्ट) स्पष्ट लिखें: "**जिला परियोजना समन्वयक पद हेतु आवेदन**"

## महत्वपूर्ण सूचना:

केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों से ही संपर्क किया जाएगा। चयन प्रक्रिया के तहत उनके साथ ऑनलाइन इंटरव्यू / व्यक्तिगत बातचीत की जाएगी।